Topperseducations.co.in



# इलेक्ट्रॉन, कैथोड किरणें एवं धन किरणें

**1.** प्रोटॉन, $\alpha$ -कण तथा इलेक्ट्रॉन के लिए e/m के अनुपात का क्रम है [AFMC 2004]

(a) $e > p > \alpha$ (b) $p > \alpha > e$ (c) $e > \alpha > p$ (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**2.** जब कैथोड को गर्म किया जाता है तो प्रति सैकण्ड $1.8\times10^{14}$ इलेक्ट्रॉन उत्सर्जित होते हैं। जब ऐनोड पर 400V का विभवान्तर आरोपित किया जाता है तो सभी उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन ऐनोड पर पहुँच जाते हैं, अधिकतम ऐनोड धारा का मान होगा (यदि इलेक्ट्रॉन पर आवेश $1.6\times10^{-19}\,C$ हो) [MP PMT 2004]

(a) $2.7\mu A$ (b) $29\mu A$ (c) $72\mu A$ (d) 29 mA

**3.** इलेक्ट्रॉन को 45.5 volt के विभवान्तर से त्वरित किया जाता है तो प्राप्त वेग का मान होगा ($ms^{-1}$ में) [AIIMS 2004]

(a) $4\times10^{6}$ (b) $4\times10^{4}$ (c) $10^{6}$ (d) शून्य

**4.** इलेक्ट्रॉन के विशिष्ट आवेश का मान है [MP PET/PMT 1998; J &K CET 2004]

(a) $1.6\times10^{-19}$ coulomb (b) $4.8\times10^{-19}$ stat coulomb (c) $1.76\times10^{11}$ coulomb/kg (d) $1.76\times10^{-11}$ coulomb/kg

**5.** गैस विसर्जन नलिका में धनात्मक स्तम्भ का रंग निर्भर करता है [Kerala (Engg.) 2002]

(a) ट्यूब के कांच के प्रकार पर (b) ट्यूब में प्रयुक्त गैस पर

(c) आरोपित वोल्टेज पर (d) कैथोड के पदार्थ पर

**6.** कैथोड किरणें उत्पन्न होती है यदि दाब की कोटि हो [Kerala (Engg.) 2002]

(a) Hg का 2 cm (b) Hg का 0.1 cm (c) Hg का 0.01 mm (d) Hg का $1\mu m$

**7.** निम्न में से कौनसा कैथोड किरण का गुण नहीं है [CBSE PMT 2002]

(a) यह छाया बनाती है (b) यह ऊष्मीय प्रभाव उत्पन्न करती है

(c) यह प्रतीदीप्ति उत्पन्न करती है (d) यह विद्युत क्षेत्र में विक्षेपित नहीं होती है

**8.** मिलिकन प्रयोग में, d दूरी पर स्थित दो प्लेटों के मध्य विभवान्तर V आरोपित करने पर, q आवेश से आवेशित तेल बूंद स्थिर हो जाती है, तो बूंद का भार है [MP PET 2001]

(a) qVd (b) $q\dfrac{d}{V}$ (c) $\dfrac{q}{Vd}$ (d) $q\dfrac{V}{d}$

**9.** थॉमसन के द्रव्यमान स्पेक्ट्रोग्राफ में $E\perp B$ है इलेक्ट्रॉन किरणों का वेग होगा [CBSE PM/PD 2001]

(a) $\left|\dfrac{E}{B}\right|$ (b) $E\times B$ (c) $\left|\dfrac{B}{E}\right|$ (d) $\dfrac{E^2}{B^2}$

**10.** कैथोड किरणों के सम्बन्ध में क्या सत्य नहीं है [Kerala (Engg.) 2001]

(a) यह इलेक्ट्रॉन पुंज होती हैं (b) यह आवेशित कण हैं

(c) यह प्रकाश की चाल के समान चाल से चलती हैं (d) चुम्बकीय क्षेत्र से विक्षेपित होती हैं

**11.** इलेक्ट्रॉन को 200 volts से त्वरित किया जाता है, यदि इलेक्ट्रॉन का विशिष्ट आवेश (e/m) $1.6\times10^{11}$ coulomb/kg हो तो प्राप्त वेग का मान होगा [MP PET 2000]

(a) $8\times10^{6}\,m/s$ (b) $8\times10^{5}\,m/s$ (c) $5.9\times10^{6}\,m/s$ (d) $5.9\times10^{5}\,m/s$

**12.** यदि इलेक्ट्रॉन का वेग $5\times10^{5}\,m/s$ है तो ये इलेक्ट्रॉन 1m दूरी तय करने में कितना समय लेगा [CET 1998; DPMT 2000]

(a) $1\times10^{6}\,s$ (b) $2\times10^{-6}\,s$ (c) $2\times10^{5}\,s$ (d) $1\times10^{5}\,s$

**13.** जब कैथोड किरणें एक धातु की प्लेट से टकराती है, तो वह गर्म हो जाती है [CPMT 2000]

(a) कैथोड किरणों की गतिज ऊर्जा के कारण (b) कैथोड किरणों की स्थितिज ऊर्जा के कारण

(c) कैथोड किरणों के रेखीय वेग के कारण (d) कैथोड किरणों के कोणीय वेग के कारण

**14.** मिलिकन के तेल बूँद प्रयोग में एक आवेशित बूँद सीमान्त वेग v से गिरता है। यदि E परिमाण का विद्युत क्षेत्र अग्र दिशा में आरोपित करने पर बूँद अग्र दिशा में 2v सीमान्त वेग से गति प्रारम्भ कर देता है तो विद्युत क्षेत्र का मान घटाकर $\dfrac{E}{2}$, करने पर सीमान्त वेग का मान होगा [CBSE PMT 1999]

(a) $\frac{v}{2}$ (b) v (c) $\frac{3v}{2}$ (d) 2v

**15.** विसर्जन नलिका में विद्युत धारा का चालन किस कारण से होता है [CBSE PMT 1999]

(a) सिर्फ इलेक्ट्रॉन के कारण (b) +ve आयन तथा इलेक्ट्रॉन के कारण

(c) – ve आयन एवं इलेक्ट्रॉन के कारण (d) + ve आयन, – ve आयन तथा इलेक्ट्रॉन के कारण

**16.** कैथोड किरणें एवं कैनाल किरणे एक विसर्जन नलिका में उत्पन्न होती हैं, एक ही दिशा में विक्षेपित होंगी यदि [SCRA 1998]

(a) एक अभिलम्बवत् चुम्बकीय क्षेत्र आरोपित किया जाता है (b) एक अभिलम्बवत् विद्युत क्षेत्र आरोपित किया जाता है

(c) एक स्पर्श रेखीय विद्युत क्षेत्र लगाया जाता है (d) एक स्पर्श रेखीय चुम्बकीय क्षेत्र लगाया जाता है

**17.** समरूप चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा के लम्बवत् कैथोड किरणें संचरित करने पर तय किये पथ का स्वरूप होगा [MP PET/PMT 1998]

(a) सरल रेखीय (b) वृत्तीय (c) परवलयाकार (d) दीर्घवृत्तीय

**18.** थॉमसन के द्रव्यमान स्पेक्ट्रोग्राफ में विद्युत क्षेत्र एवं चुम्बकीय क्षेत्र आरोपित किया जाता है [RPMT 1998]

(a) एक-साथ एवं लम्बवत् (b) लम्बवत् लेकिन एक-साथ नहीं

(c) समानान्तर लेकिन एक-साथ नहीं (d) समानान्तर एवं एक-साथ

**19.** धनात्मक किरणों की खोज किसकी खोज के लिए मददगार है [RPMT 1998]

(a) प्रोटॉन (b) समस्थानिक (c) इलेक्ट्रॉन (d) $\alpha$ -कण

**20.** जब एक इलेक्ट्रॉन एवं $\alpha$ -कण को विराम से 100 V के विभवान्तर से त्वरित किया जाता है तो इनके संवेगों का अनुपात होगा [MNR 1994; RPET 1997]

(a) 1 (b) $\sqrt{\frac{2m_e}{m_\alpha}}$ (c) $\sqrt{\frac{m_e}{m_\alpha}}$ (d) $\sqrt{\frac{m_e}{2m_\alpha}}$

**21.** मिलिकन के तेल बूँद प्रयोग में दो प्लेटों के बीच $1.8\times10^{-14}\,kg$ द्रव्यमान की एक आवेशित बूँद स्थित है। प्लेटों के बीच की दूरी 0.90 cm तथा इनके बीच आरोपित विभवान्तर 2.0 kilo volts है। बूँद पर इलेक्ट्रॉनों की संख्या होगी [MP PMT 1994; MP PET 1997]

(a) 500 (b) 50 (c) 5 (d) 0

**22.** परमशून्य ताप पर इलेक्ट्रॉनों की सम्भावित ऊर्जा कहलाती है [RPET 1996]

(a) फर्मी ऊर्जा (b) उत्सर्जन ऊर्जा (c) कार्य-फलन (d) स्थितिज ऊर्जा

**23.** उत्सर्जित कैथोड किरणों की गतिज ऊर्जा निर्भर करती है [CPMT 1996]

(a) सिर्फ वोल्टेज पर (b) सिर्फ कार्य-फलन पर

(c) (a) एवं (b) दोनों पर (d) यह किसी भी भौतिक अवस्था पर निर्भर नहीं करती

**24.** विसर्जन नलिका में पारे के 0.02 mm, दाब पर उत्पन्न होता है [CBSE PMT 1996]

(a) FDS (b) ODS (c) दोनों (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**25.** एक पतली इलेक्ट्रॉन किरणें विद्युत क्षेत्र एवं चुम्बकीय क्षेत्र जिनका मान क्रमशः $E=3\times10^{4}\,volt/m$ तथा $B=2\times10^{-3}\,Weber/m^{2}$ है, से अविभाजित गुजरती है, जहाँ इलेक्ट्रॉन की गति, विद्युत क्षेत्र एवं चुम्बकीय क्षेत्र परस्पर लम्बवत् है तो इलेक्ट्रॉनों का वेग होगा [MP PET 1995]

(a) 60 m/s (b) $10.3\times10^{7}\,m/s$ (c) $1.5\times10^{7}\,m/s$ (d) $0.67\times10^{-7}\,m/s$

**26.** निर्वात् नलिकाओं में ऑक्साइड लेपित तन्तु का उपयोग किया जाता है, क्योंकि आवश्यक रूप से [SCRA 1994]

(a) इसका गलनांक बिन्दु उच्च होता है (b) ये उच्च ताप सह सकता है

(c) इसकी यांत्रिक क्षमता अधिक होती है (d) ये कम ताप पर भी इलेक्ट्रॉन उत्सर्जित कर सकता है

**27.** गैसों में कम दाब पर विद्युत का चालन होता है, क्योंकि [CBSE 1994]

(a) कम दाब पर गैसें प्लाज्मा में बदल जाती हैं

(b) टकराने वाले इलेक्ट्रॉन माध्यमुक्त पथ की वृद्धि से उच्च ऊर्जा प्राप्त कर लेते हैं जो कि परमाणुओं का आयनन करते हैं

(c) परमाणु इलेक्ट्रॉन एवं प्रोटॉन में टूटता है

(d) परमाणु में इलेक्ट्रॉन कम दाब पर स्वतंत्रतापूर्वक गति कर सकते है

**28.** जब इलेक्ट्रॉनों का वेग बढ़ता है तो इसके विशिष्ट आवेश (e/m) का मान [MP PMT 1994]

(a) बढ़ता है (b) घटता है

(c) अपरिवर्तित रहता है  (d) वेग के कुछ मान तक बढ़ता है एवं तब घटता है

**29.** X volt/metre शक्ति के विद्युत क्षेत्र में समान वेग v से कैथोड किरणें गति करने पर लगभग r त्रिज्या का वृत्तीय पथ बनाती है। यदि कैथोड किरणों का वेग 2v कर दिया जाये तो लगभग समान त्रिज्या के वृत्तीय पथ के लिए आवश्यक विद्युत क्षेत्र का मान होगा (volt / metre) is [BHU 1994]

(a) 2X (b) 3X (c) 4X (d) 6X

**30.** कैथोड किरणें, दृश्य प्रकाश किरणों के समान होती हैं, क्योंकि [SCRA 1994]

(a) ये दोनों विद्युत एवं चुम्बकीय क्षेत्रों में विक्षेपित हो जाती हैं
(b) इन दोनों में निश्चित परिमाण की तरंगदैर्ध्य होती हैं
(c) ये दोनों गैस से गुजरने पर उसे आयनित कर देती हैं
(d) ये दोनों फोटोग्राफिक फिल्म को प्रभावित करती हैं

**31.** थॉमसन के प्रयोग में फोटोग्राफिक प्लेट से टकराने वाले सभी धनात्मक किरणों के लिए q/m का मान समान हो तो पथ का स्वरूप होगा [RPMT 1986]

(a) सरल रेखीय (b) परवलयकार (c) वृत्तीय (d) दीर्घवृत्तीय

**32.** कैथोड किरण की कण प्रकृति सिद्ध होने का कारण है [CPMT 1986; MNR 1986]

(a) किरण का निर्वात् में चलना
(b) किरणों का विद्युत एवं चुम्बकीय क्षेत्रों से विक्षेपित होना
(c) किरणों के द्वारा प्रतिदीप्ति उत्पन्न करना
(d) उपरोक्त कोई नहीं

**33.** जब कैथोड किरणें उच्च विभव 10 kV पर बहुत अधिक परमाणु-भार वाले ऐनोड से टकराती हैं तो प्राप्त होती हैं [MP PET 1985]

(a) धनात्मक किरणें (b) X-किरणें (c) $\gamma$-किरणें (d) कैनाल किरणें

**34.** विसर्जन नलिका में धनात्मक किरणें उत्पन्न करने के लिए आवश्यक दाब होना चाहिए [RPMT 1984]

(a) पूर्ण निर्वात्
(b) $10^{-3}$ से $10^{-4}$ वायुमण्डलीय दाब
(c) एक वायुमण्डलीय दाब
(d) $10^{-3}$ से $10^{-4}$ mm

**35.** कैथोड-किरण नली (C.R.T.) एक भाग है [CPMT 1972]

(a) संयुक्त सूक्ष्मदर्शी का (b) रेडियों-अभिग्राही का (c) टेलीविजन सेट का (d) वान-डी ग्राफ जेनरेटर का

**36.** यदि कैथोड किरणें Z-अक्ष के धनात्मक दिशा में गतिशील हो एवं समरूप चुम्बकीय क्षेत्र X-अक्ष के समानान्तर आरोपित हो तो कैथोड किरणों की अविचलित गति के लिए विद्युत क्षेत्र किस दिशा में आरोपित करना होगा




(a) X-अक्ष के ऋणात्मक दिशा में
(b) Y-अक्ष के धनात्मक दिशा में
(c) Y-अक्ष के ऋणात्मक दिशा में
(d) Z-अक्ष के धनात्मक दिशा में

**37.** एक इलेक्ट्रॉन किरण जिसकी गतिज ऊर्जा E है, एक त्वरित (Accelerator) नली के एक सिरे पर स्थित खिड़की के पतली पत्ती से निर्गत् होती है। एक धातु की प्लेट खिड़की से d दूरी पर एवं निर्गत इलेक्ट्रॉन की गति की दिशा के लम्बवत् स्थित है, से नहीं टकराने के लिए यदि आरोपित चुम्बकीय क्षेत्र B हो तो इसका मान होगा

(a) $B \ge \sqrt{\frac{2mE}{e^2d^2}}$, कागज-तल के तल में
(b) $B \ge \sqrt{\frac{2mE}{e^2d^2}}$, कागज-तल के लम्बवत् तल में
(c) $B \ge \sqrt{\frac{2mE}{ed}}$, कागज-तल के तल में
(d) $B \ge \left(\frac{2mE}{ed}\right)$ कागज-तल के लम्बवत् तल में

**38.** e/m निर्धारण के लिए थॉमसन प्रयोग में कैथोड एवं ऐनोड के बीच आरोपित विभवान्तर (Accelrating column में) का मान विक्षेपक प्लेट के विभवान्तर (लम्बवत् तल क्षेत्र में) के समान हो तो विभवान्तर का मान दोगुना करने पर आरोपित चुम्बकीय क्षेत्र का माना कितना बढ़ाना होगा ताकि इलेक्ट्रॉन बिना विचलित निर्गत हो

(a) $\sqrt{2}$ (b) 2 (c) $2\sqrt{2}$ (d) 4

**39.** थॉमसन के प्रयोग में हीलियम $He^3$ एवं $He^4$ के द्वारा तय किया पथ परवलय (Parbola) है। यदि $He^3$ के लिए समीकरण $z^2 = 12Y$ हो तो $He^4$ के समीकरण का स्वरूप होगा

(a) $Z^2 = 16Y$ (b) $Z^2 = 12Y$ (c) $Z^2 = 4Y$ (d) $Z^2 = 9Y$

## द्रव्य तंरगें

**40.** यदि इलेक्ट्रॉन एवं प्रोटॉन समान विभवान्तर से त्वरित हो तो इनके लिए डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य का अनुपात होगा [J & K CET 2004]

(a) $(m_p / m_e)^{1/2}$ (b) $m_t / m_p$ (c) $m_p / m_t$ (d) 1

**41.** यदि इलेक्ट्रॉन एवं प्रोटॉन का डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य समान हो तो इलेक्ट्रॉन की गतिज ऊर्जा का मान होगा [Kerala PMT 2004]

(a) शून्य (b) अनन्त
(c) प्रोटॉन की गतिज ऊर्जा के बराबर (d) प्रोटॉन की गतिज ऊर्जा से अधिक

**42.** क्रिकेट की गेंद की गति के लिए, डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य का सही व्यंजक होगा [RPMT 2001]

(a) इतने बड़े कण (Particle) के लिए उपयुक्त नहीं है (b) $\frac{h}{\sqrt{2mE}}$
(c) $\sqrt{\frac{h}{2mE}}$ (d) $\frac{h}{2mE}$

**43.** यदि फोटॉन (Photon) एवं इलेक्ट्रॉन की ऊर्जा समान $(10^{-20} J)$ हो तथा इसका तरंगदैर्ध्य क्रमशः $\lambda_{Ph}$ एवं $\lambda_{el}$ हो तो सही सम्बन्ध होगा [RPMT 2001]

(a) $\lambda_{Ph} > \lambda_{el}$ (b) $\lambda_{Ph} < \lambda_{el}$ (c) $\lambda_{Ph} = \lambda_{el}$ (d) $\frac{\lambda_{el}}{\lambda_{Ph}} = C$

**44.** 54 eV गतिज ऊर्जा वाले इलेक्ट्रॉन से सम्बन्धित तरंगदैर्ध्य का मान होगा [AMU (Engg.) 2000]

(a) $1.66 \times 10^{-10} m$ (b) $2.6 \times 10^{-9} m$ (c) $3.5 \times 10^{-11} m$ (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**45.** इलेक्ट्रॉन की डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य $10^{-10}$ m से $0.5 \times 10^{-10} m$ तक घटाने के लिए इसे दी गई ऊर्जा होगी [KCET (Engg./Med.) 2000]

(a) प्रारंभिक ऊर्जा की चार गुनी (b) प्रारंभिक ऊर्जा की तीन गुनी (c) प्रारंभिक ऊर्जा के बराबर (d) प्रारंभिक ऊर्जा की दोगुनी

**46.** यदि इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन, न्यूट्रॉन एवं α-कण की गतिज ऊर्जा समान हो तो किसके लिए डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य का मान अधिकतम होगा [CBSE PMT 1999]

(a) इलेक्ट्रॉन (b) प्रोटॉन (c) $\alpha$ -कण (d) न्यूट्रॉन

**47.** तरंगदैर्ध्य $\lambda$ का प्रकाश एक प्रकाश-संवेदी पृष्ठ पर आपतित होने पर इससे गतिज ऊर्जा E से इलेक्ट्रॉन उत्सर्जित होते हैं। यदि गतिज ऊर्जा बढ़ाकर 2E करना हो, तो तरंगदैर्ध्य $\lambda'$ करना होगा जहाँ [MP PET 1997]

(a) $\lambda' = \frac{\lambda}{2}$ (b) $\lambda' = 2\lambda$ (c) $\frac{\lambda}{2} < \lambda' < \lambda$ (d) $\lambda' > \lambda$

**48.** यदि इलेक्ट्रॉन का डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य 10Å हो तो इसका वेग (m/sec) होगा [Manipal 1997]

(a) $7.2 \times 10^5$ (b) $72 \times 10^4$ (c) $7.2 \times 10^{-5}$ (d) $7.2 \times 10^6$

**49.** m संहति का एक इलेक्ट्रॉन, जब V विभवान्तर से त्वरित होता है, डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य $\lambda$ रखता है। समान विभवान्तर से त्वरित M संहति के प्रोटॉन का डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य होगा [CBSE PMT 1995]

(a) $\lambda\left(\frac{m}{M}\right)$ (b) $\lambda\left(\frac{M}{m}\right)$ (c) $\lambda\sqrt{\frac{m}{M}}$ (d) $\lambda\sqrt{Mm}$

**50.** यदि इलेक्ट्रॉन गन (gun) का त्वरित विभवान्तर 50,000 volts हो तो इलेक्ट्रॉन का डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य होगा [RPMT 1995]

(a) 0.55Å (b) 0.055 Å (c) 0.077 Å (d) 0.095 Å

**51.** यदि X-किरण फोटॉन का तरंगदैर्ध्य 0.01Å हो तो इसका संवेग (kg m/s में) होगा [RPMT 1995]

(a) $6.63 \times 10^{-22}$ (b) $6.63 \times 10^{-24}$ (c) $6.63 \times 10^{-46}$ (d) $6.63 \times 10^{-32}$

**52.** एक प्रोटॉन $6.6 \times 10^5 m/sec$ के वेग से गतिशील हो तो इसका डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य होगा [CPMT 1993]

(a) $6 \times 10^{-2}$ Å (b) $6 \times 10^{-3}$ Å (c) 1Å (d) 2Å

**53.** एक कण जिसका विराम द्रव्यमान शून्य हो लेकिन ऊर्जा एवं संवेग शून्य नहीं हो तो यह किस वेग से गतिशील होगा [MP PMT 1992]

(a) निर्वात् में प्रकाश के वेग c के बराबर वेग से
(b) c के अधिक मान से
(c) c से कम मान से
(d) बहुत अधिक (अनन्त) मान से

**54.** यदि एक फोटॉन, एक इलेक्ट्रॉन एवं एक यूरेनियम परमाणु (नाभिक) का तरंगदैर्ध्य समान हो तो इनमें से किसकी ऊर्जा अधिकतम होगी [MP PMT 1992]

(a) फोटॉन की
(b) इलेक्ट्रॉन की
(c) यूरेनियम नाभिक की
(d) कण के गुण एवं तरंगदैर्ध्य पर निर्भर करेगा

**55.** यदि $E_1, E_2$ एवं $E_3$ क्रमशः एक इलेक्ट्रॉन, एक $\alpha$-कण तथा एक प्रोटॉन की गतिज ऊर्जा हों तथा सभी का डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य समान हो तो [CBSE 1991]

(a) $E_1 > E_3 > E_2$
(b) $E_2 > E_3 > E_1$
(c) $E_1 > E_2 > E_3$
(d) $E_1 = E_2 = E_3$

**56.** विद्युत चुम्बकीय-तरंग के एक फोटॉन का संवेग $3.3 \times 10^{-29}$ kg-ms$^{-1}$ हो तो तरंग की आवृत्ति होगी

[MP PET 1990]

(a) $3.0 \times 10^3 Hz$
(b) $6.0 \times 10^2 Hz$
(c) $7.5 \times 10^{12} Hz$
(d) $1.5 \times 10^{13} Hz$

**57.** $10^{-10}$ m डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य वाले इलेक्ट्रॉन की ऊर्जा (eV में) होगी [RPMT 1988]

(a) 13.6
(b) 12.27
(c) 1.227
(d) 150.5

**58.** यदि किसी वस्तु का आकार (Dimension) बढ़ाया जाये तो इससे सम्बन्धित डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य पर प्रभाव पड़ेगा [RPET 1986]

(a) बढ़ेगा
(b) घटेगा
(c) अपरिवर्तित रहेगा
(d) वस्तु के घनत्व पर निर्भर करेगा

**59.** निम्न में कौनसा चित्र (ग्राफ) किसी कण के संवेग का परिवर्तन इससे सम्बन्धित डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य [AIIMS 1982]

(a) 


(b) 


(c) 


(d) 


**60.** एक प्रोटॉन पर V वोल्ट का विभवान्तर आरोपित करने पर $\lambda$ तरंगदैर्ध्य का तरंग उत्पन्न होता है तो समान तरंगदैर्ध्य के तरंग की उत्पत्ति के लिए एक $\alpha$-कण पर आरोपित विभवान्तर (वोल्ट में) का मान होगा

(a) V
(b) V/5
(c) V/8
(d) 2V

**61.** द्रव्य तरंगें (Matter waves) हैं

(a) विद्युत-चुम्बकीय तरंगें
(b) अनुदैर्ध्य तरंगें
(c) प्रायिकता (Probability) तरंगें
(d) अनुप्रस्थ तरंगें

**62.** दो बालू कण जिसमें एक कण का व्यास 0.5 mm एवं दूसरे का व्यास 1.0 mm है, समान संवेग से गतिशील है तो प्रथम कण का डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य होगा

(a) दूसरे कण से अधिक
(b) दूसरे कण से कम
(c) दूसरे कण के बराबर
(d) दूसरे कण की तुलना में दोगुना

**63.** एक परमाणु के उत्तेजित (EXcited) अवस्था से मूल अवस्था (Ground state) में संक्रमण करने पर 1Å तरंगदैर्ध्य का फोटॉन उत्सर्जित करता है। परमाणु (Recoil enegy) की प्रतिक्षिप्त ऊर्जा होगी। (जहाँ परमाणु का द्रव्यमान = 40 amu है)

(a) $3.3 \times 10^{-20}$ J
(b) $1.3 \times 10^{-20}$ J
(c) $3.3 \times 10^{-22}$ J
(d) $6.6 \times 10^{-24}$ J

**64.** इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी किस सिद्धान्त पर कार्य करता है

(a) कण सिद्धान्त पर
(b) द्रव्य तरंग सिद्धान्त पर
(c) अनिश्चितता पर (Uncertainty)
(d) उपरोक्त सभी पर

**65.** परमाणु के n वें कक्षा जिसकी त्रिज्या r Å है, में गतिशील इलेक्ट्रॉन का डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य होगा

(a) nr Å
(b) $\frac{r}{n} Å$
(c) $\frac{2\pi r}{n} Å$
(d) $2\pi$n Å

**66.** किसी कण की ऊर्जा को घटाकर आधा करने पर डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य में प्रतिशत वृद्धि लगभग होगा

(a) 41%
(b) 50%
(c) 29%
(d) 100%

**67.** हाइड्रोजन परमाणु के मूल अवस्था (Ground state) में स्थित एक इलेक्ट्रॉन का वेग $2.2 \times 10^6$ m/s है तो म्यूॉन (Muon) हाइड्रोजन की मूल अवस्था में म्यूओन से सम्बन्धित की डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य का मान होगा ($m_\mu = 207\ m_e$)

(a) 1.6 Å (b) 0.16 Å (c) 0.016 Å (d) 0.0016 Å

**68.** यदि एक इलेक्ट्रॉन के संवेग का मान Δp से परिवर्तित करने पर इसके डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य का मान 0.50% से परिवर्तित हो तो इलेक्ट्रॉन के प्रारम्भिक संवेग का मान होगा

(a) $\frac{\Delta p}{200}$ (b) $\frac{\Delta p}{199}$ (c) $199\,\Delta p$ (d) $400\,\Delta p$

**69.** एक इलेक्ट्रॉन एवं एक फोटॉन का तरंगदैर्ध्य समान है। यदि इलेक्ट्रॉन का संवेग p हो एवं फोटॉन की ऊर्जा E हो तो S.I. मात्रक में p/E का मान होगा

(a) $3.0 \times 10^8$ (b) $3.33 \times 10^{-9}$ (c) $9.1 \times 10^{-31}$ (d) $6.64 \times 10^{-34}$

## फोटॉन/प्रकाश विद्युत प्रभाव

**70.** आइन्सटीन के प्रकाश-विद्युत समीकरण के अनुसार धातु से उत्सर्जित फोटो-इलेक्ट्रॉन की गतिज ऊर्जा तथा आपतित प्रकाश की आवृत्ति के बीच खींचे गये ग्राफ का स्वरूप सरलरेखीय होता है जिसकी ढाल (slope) [AIEEE 2004]

(a) धातु की प्रकृति पर निर्भर करती है

(b) आपतित विकिरण की तीव्रता पर निर्भर करती है

(c) धातु की प्रकृति एवं विकिरण की तीव्रता दोनों पर निर्भर करती है

(d) सभी धातु प्लेट के लिए समान हैं एवं विकिरण की तीव्रता से स्वतंत्र है

**71.** दृश्य प्रकाश के अधिकतम तरंगदैर्ध्य के सदृश्य आपतित फोटॉन की ऊर्जा होगी [J & K CET 2004]

(a) 3.2 eV (b) 7 eV (c) 1.55 eV (d) 1 eV

**72.** यदि पोटेशियम का कार्यफलन 2eV हो तो इसका देहली तरंगदैर्ध्य होगा

(a) 310 nm (b) 620 nm (c) 6200 nm (d) 3100 nm

**73.** धातु के प्लेट की देहली तरंगदैर्ध्य 5200 Å है। निम्न मे से किस प्रकाश स्त्रोत द्वारा फोटो-इलेक्ट्रॉनों का उत्सर्जन होगा [J & K CET 2004]

(a) 50 वॉट का अवरक्त लैम्प (b) 1 वॉट का अवरक्त लैम्प (c) 50 वॉट का पराबैंगनी लैम्प (d) 0.5 वॉट का अवरक्त लैम्प

**74.** प्रकाश की द्वैती-प्रकृति (Dual nature) अभिव्यक्त होती है [BCECE 2004]

(a) विवर्तन एवं प्रकाश-विद्युत प्रभाव से (b) विवर्तन एवं परावर्तन से

(c) अपवर्तन एवं व्यतिकरण से (d) प्रकाश-विद्युत प्रभाव से

**75.** दिये गये चित्र में एक प्रकाश-सक्रिय सतह के लिए तीन भिन्न-भिन्न विकिरणों के लिए प्रकाश-विद्युत धारा का परिवर्तन ऐनोड विभव के साथ दिखाया गया है। यदि वक्रों a, b एवं c के संगत तीव्रताएँ क्रमशः $I_a, I_b$ एवं $I_c$ तथा आवृत्तियाँ $f_a, f_b$ एवं $f_c$ हो, तब [IIT-JEE (Screening) 2004]




(a) $f_a = f_b$ एवं $I_a \neq I_b$

(b) $f_a = f_c$ एवं $I_a = I_c$

(c) $f_a = f_b$ एवं $I_a = I_b$

(d) $f_a = f_b$ एवं $I_b = I_c$

**76.** एक धातु की सतह जिसका कार्यफलन 2 eV है, पर 4 eV ऊर्जा का फोटॉन आपतित हो तो इलेक्ट्रॉन के उत्सर्जन नहीं होने के लिए आरोपित निरोधी विभव का मान होगा [Similar to DCE 2000; AIIMS 2004]

(a) 2 V (b) 4V (c) 6V (d) 8V

**77.** आइन्सटीन की प्रकाश-विद्युत समीकरण के अनुसार उत्सर्जित फोटो-इलेक्ट्रॉन की गतिज ऊर्जा एवं आपतित विकिरण की आवृति के बीच का ग्राफ होगा [CBSE PMT 2004]

(a) 


(b) 


(c) 


(d) 

Topperseducations.co.in



**78.** निम्न दो कथनों A तथा B पर विचार करें तथा दिये गये विकल्पों से सही उत्तर पहचानें

(A) प्रकाश विद्युत सेल में उत्पन्न धारा आपतित प्रकाश की तीव्रता के अनुक्रमानुपाती नहीं होती है

(B) एक गैस युक्त फोटो उत्सर्जक सेल में, फोटो इलेक्ट्रॉनों का वेग आपतित विकरण की तरंगदैर्ध्य पर निर्भर करता है [EAMCET (Engg.) 2003]

(a) A तथा B दोनों सत्य हैं (b) A तथा B दोनों असत्य हैं (c) A सत्य है तथा B असत्य है (d) A असत्य है तथा B सत्य है

**79.** किसी प्रकाश पुंज में $\gamma_1$ आवृति के $n_1$ फोटॉन हैं। समान ऊर्जा के एक अन्य पुंज में, $\gamma_2$ आवृति के $n_2$ फोटॉन हों, तो सत्य सम्बंध हैं [KCET 2003]

(a) $\frac{n_1}{n_2}=1$ (b) $\frac{n_1}{n_2}=\frac{\gamma_1}{\gamma_2}$ (c) $\frac{n_1}{n_2}=\frac{\gamma_2}{\gamma_1}$ (d) $\frac{n_1}{n_2}=\frac{\gamma_1^2}{\gamma_2^2}$

**80.** दो एकसमान फोटो कैथोडों पर $f_1$ तथा $f_2$ आवृत्तियों के प्रकाश आपतित होते हैं। यदि उत्सर्जित फोटो इलेक्ट्रॉन (द्रव्यमान m) के वेग क्रमशः $v_1$ तथा $v_2$ हों तब [AIEEE 2003]

(a) $v_1-v_2=\left[\frac{2h}{m}(f_1-f_2)\right]^{1/2}$ (b) $v_1^2-v_2^2=\frac{2h}{m}(f_1-f_2)$ (c) $v_1+v_2=\left[\frac{2h}{m}(f_1+f_2)\right]^{1/2}$ (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**81.** आपतित फोटॉन की आवृत्ति तथा कार्यफलन $\nu$ तथा $\phi_0$ हैं। यदि $\nu_0$ देहली आवृत्ति हो तो फोटो इलेक्ट्रॉन के उत्सर्जन के लिए आवश्यक शर्त है [RPET 2003]

(a) $\nu<\nu_0$ (b) $\nu=\frac{\nu_0}{2}$ (c) $\nu\ge\nu_0$ (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**82.** $\nu_0$ देहली आवृति के पदार्थ पर $\nu(\nu_0<\nu)$ आवृति का प्रकाश आपतित होता है। उत्सर्जित फोटॉन की ऊर्जा होगी [MP PET 2000, 2003]

(a) $h(\nu-\nu_0)$ (b) h/ν (c) $he(\nu-\nu_0)$ (d) $h/\nu_o$

**83.** प्रकाश विद्युत प्रभाव प्रयोग में, निरोधी विभव तथा आपतित आवृत्ति के बीच ग्राफ की ढाल होगी [UPSEAT 2003]

(a) 1 (b) 0.5 (c) $10^{-15}$ (d) $10^{-34}$

**84.** 6.2 eV का पराबैंगनी प्रकाश ऐल्युमिनियम सतह (कार्यफलन 4.2 eV) पर आपतित होता है। उत्सर्जित तीव्रतम इलेक्ट्रॉन की गतिज ऊर्जा (जूल) में लगभग होगी

[MNR 1987; MP PET 1990; CBSE 1993; RPMT 2001; BVP 2003]

(a) $3.2\times10^{-21}$ (b) $3.2\times10^{-19}$ (c) $3.2\times10^{-17}$ (d) $3.2\times10^{-15}$

**85.** प्रकाश-विद्युत उत्सर्जन में प्रति सैकण्ड उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन की संख्या [MH CET 1999; MP PMT 2002; KCET 2003]

(a) प्रकाश की तीव्रता के अनुक्रमानुपाती होती है (b) प्रकाश की तरंगदैर्ध्य के अनुक्रमानुपाती होती है

(c) प्रकाश की आवृति के अनुक्रमानुपाती होती है (d) धातु के कार्यफलन के अनुक्रमानुपाती होती है

**86.** जब पराबैंगनी किरणें धातु प्लेट पर आपतित होती हैं तो प्रकाश विद्युत प्रभाव उत्पन्न नहीं होता। यह निम्न के आपतित होने पर उत्पन्न होगा [CBSE 2002]

(a) X-किरणें (b) रेडियों तरंगें (c) अवरक्त किरणें (d) ग्रीन हाउस प्रभाव

**87.** किसी धातु से प्रकाश विद्युत प्रभाव के लिए देहली तरंगदैर्ध्य 6500 Å है। धातु का कार्यफलन लगभग होगा [MP PET 2002]

(a) 2 eV (b) 1 eV (c) 0.1 eV (d) 3 eV

**88.** इनमें से कौनसा कथन सत्य है [JIPMER 2001, 2002]

(a) आपतित प्रकाश की तीव्रता बढ़ने से निरोधी विभव बढ़ता है (b) आपतित प्रकाश की तीव्रता बढ़ने से प्रकाश धारा बढ़ती है

(c) प्रकाश धारा, आरोपित वोल्टेज के अनुक्रमानुपाती होती है (d) प्रकाश की आवृति बढ़ाने पर प्रकाश विद्युत-सेल में धारा बढ़ती है

**89.** 50 cm दूर रखे किसी बिन्दु स्त्रोत के द्वारा एक सीजियम सैल को प्रदीप्त किया जाता है। इस सेल के सिरों पर 60 V का विभवान्तर है। जब वही प्रकाश स्त्रोत 1m दूर रखा जाये तो सेल से उत्सर्जित फोटो इलेक्ट्रान [KCET 2002]

(a) संख्या में एक चौथाई होंगे (b) संख्या में आधे होंगें

(c) प्रत्येक का संवेग पूर्व का एक-चौथाई होगा (d) प्रत्येक की ऊर्जा पूर्व की एक-चौथाई होगी

**90.** एक रेडियो ट्रॉन्समीटर 198.6 मीटर तरंगदैर्ध्य पर 1 $kW$ शक्ति उत्सर्जित करता है। प्रतिसैकण्ड उत्सर्जित फोटॉनों की संख्या है [Kerala (Engg.) 2002]

(a) $10^{10}$ (b) $10^{20}$ (c) $10^{30}$ (d) $10^{40}$

**91.** किसी धात्विक पृष्ठ पर 5.5 $eV$ ऊर्जा के फोटोनों के आपतित होने से 4$eV$ अधिकतम गतिज ऊर्जा के फोटो इलेक्ट्रॉन उत्सर्जित होते हैं। इन इलेक्ट्रोनों के लिए आवश्यक निरोधी विभव है [Orrisa (Engg.) 2002]

(a) 5.5 V (b) 1.5 V (c) 9.5 V (d) 4.0 V

**92.** $10^{12}\,MHz$ आवृत्ति के फोटॉन की ऊर्जा होगी [MH CET 2002]

(a) $4.14\times10^{3}\,keV$ (b) $4.14\times10^{2}\,eV$ (c) $4.14\times10^{3}\,MeV$ (d) $4.14\times10^{3}\,eV$

**93.** यदि फोटॉन का वेग $c$ एवं आवृत्ति $\nu$ हो तो इसकी तरंगदैर्ध्य होगी [AIEEE 2002]

(a) $\frac{hc}{E}$ (b) $\frac{h\nu}{c}$ (c) $\frac{h\nu}{c^2}$ (d) hν

**94.** $\nu_0$ देहली आवृत्ति की धातु प्लेट पर $4\nu_0$ आवृत्ति का प्रकाश आपतित होता है। उत्सर्जित फोटो इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम गतिज ऊर्जा है [MP PET 2002]

(a) $3h\nu_0$ (b) $2h\nu_0$ (c) $\frac{3}{2}h\nu_0$ (d) $\frac{1}{2}h\nu_0$

**95.** जब एक धात्विक पृष्ठ को $\lambda$ के तरंगदैर्ध्य के एकवर्णीय प्रकाश से प्रदीप्त किया जाता है, तो प्रकाश-विद्युत धारा के लिए निरोधी विभव का मान $3V_0$ आता है। उसी पृष्ठ को $2\lambda$ तरंगदैर्ध्य के प्रकाश से प्रदीप्त करने पर निरोधी विभव का मान $V_0$ हो जाता है। पृष्ठ के प्रकाश-विद्युत प्रभाव के लिए देहली (Threshold) तरंगदैर्ध्य क्या होगी [MP PMT 1987; AIIMS 1995; DPMT 2002]

(a) $6\lambda$ (b) $\frac{4\lambda}{3}$ (c) $4\lambda$ (d) $8\lambda$

**96.** प्रकाश के फोटॉन सिद्धान्त के अनुसार फोटॉन के संगत निम्न में से कौनसी राशि, इनके निर्वात् में इलेक्ट्रॉन से टकराने पर परिवर्तित नहीं होगी [AMU (Engg.) 2001]

(a) ऊर्जा तथा संवेग (b) चाल तथा संवेग (c) केवल चाल (d) केवल ऊर्जा

**97.** फोटॉन से सम्बंधित निम्न में से कौन सा कथन असत्य है [MH CET 2001]

(a) फोटॉन कोई दाब नहीं डालता (b) फोटॉन ऊर्जा hν होती है

(c) फोटॉन का विराम द्रव्यमान शून्य होता है (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**98.** $\nu_0$ देहली आवृत्ति के किसी प्रकाश-विद्युत पदार्थ पर ν आवृत्ति का प्रकाश आपतित होता है। इस पदार्थ का कार्यफलन होगा [MP PMT 2001]

(a) hν (b) $h\nu_0$ (c) $h(\nu-\nu_0)$ (d) $h(\nu+\nu_0)$

**99.** 6 eV ऊर्जा के फोटॉन, 4 eV कार्यफलन के धात्विक पृष्ठ पर आपतित होते हैं। उत्सर्जित फोटो-इलेक्ट्रॉन की न्यूनतम गतिज ऊर्जा होगी [MP PET 2001]

(a) 0 eV (b) 1 eV (c) 2 eV (d) 10 eV

**100.** प्रकाश विद्युत प्रभाव के लिए, उत्सर्जित फोटो-इलेक्ट्रॉन की अधिकतम गतिज ऊर्जा $E_k$, का ν आवृत्ति के आपतित फोटॉन के विरुद्ध ग्राफ चित्रानुसार प्रदर्शित है। वक्र की ढाल दर्शाती है [CPMT 1987; MP PET 2001]




(a) इलेक्ट्रॉन पर आवेश

(b) धातु का कार्यफलन

(c) प्लांक नियतांक

(d) प्लांक नियतांक तथा इलेक्ट्रॉनिक आवेश का अनुपात

**101.** प्रकाश-विद्युत प्रभाव में, आपतित प्रकाश की तीव्रता बढ़ा दी जाये तो निम्न में से क्या सत्य है [AIIMS 1998; RPET 2001]

(a) उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन की अधिकतम गतिज ऊर्जा बढ़ जायेगी (b) कार्य-फलन अपरिवर्तित रहेगा

(c) निरोधी विभव घट जायेगा (d) उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन की अधिकतम गतिज ऊर्जा घट जायेगी

**102.** कथन (A) : प्रकाश-विद्युत प्रभाव में उत्सर्जित इलेक्ट्रोनों की संख्या आपतित फोटॉन की तीव्रता पर निर्भर करती है

कारण (R) : किसी धात्विक पृष्ठ से इलेक्ट्रॉन उत्सर्जन तब तक संभव नहीं है, जब तक कि आपतित फोटॉन की आवृत्ति देहली आवृत्ति से अधिक न हो [AIIMS 2001]

(a) कथन तथा कारण दोनों सत्य हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या है

(b) कथन तथा कारण दोनों सत्य हैं परन्तु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है

(c) कथन सत्य है, परन्तु कारण असत्य है

(d) कथन तथा कारण दोनों असत्य हैं

(e) कथन असत्य है, परन्तु कारण सत्य है

**103.** किसी धात्विक पृष्ठ से प्रकाश विद्युत उत्सर्जन के लिए Y-अक्ष के अनुदिश निरोधी विभव V, तथा X-अक्ष के अनुदिश आपतिज प्रकाश की आवृत्ति $\nu$ के मध्य ग्राफ चित्रानुसार सरल रेखा प्राप्त होती है, तो प्लांक नियतांक होगा [Kerala (Engg.) 2001]




(a) रेखा की ढाल

(b) रेखा की ढाल तथा इलेक्ट्रॉन पर आवेश का गुणनफल

(c) इलेक्ट्रॉन पर आवेश द्वारा विभाजित Y-अक्ष के अनुदिश अन्तःखण्ड

(d) Y-अक्ष के अनुदिश अन्तःखण्ड तथा इलेक्ट्रॉन के द्रव्यमान का गुणनफल

**104.** निम्न मे से कौनसी घटना प्रकाश के कण स्वभाव को दर्शाती है [CBSE 2001; AFMC 2003]

(a) अपवर्तन (b) व्यतिकरण (c) ध्रुवण (d) प्रकाश-विद्युत प्रभाव

**105.** यदि आपतित प्रकाश की तीव्रता बढ़ा दी जाये तो

[CPMT 1999; MH CET (Med.) 2000; CBSE PMT 1999, 2000; KCET (Engg./Med.) 2001]

(a) प्रकाश विद्युत धारा बढ़ जायेगी (b) प्रकाश विद्युत धारा कम हो जायेगी

(c) उत्सर्जित प्रकाश इलेक्ट्रॉनों की गतिज ऊर्जा बढ़ जायेगी (d) उत्सर्जित प्रकाश इलेक्ट्रॉनों की गतिज ऊर्जा घट जायेगी

**106.** 100 eV ऊर्जा के फोटॉन की आवृत्ति होगी $(h = 6.610^{-34} J - \sec)$ [AFMC 2000]

(a) $2.42 \times 10^{26} Hz$ (b) $2.42 \times 10^{16} Hz$ (c) $2.42 \times 10^{12} Hz$ (d) $2.42 \times 10^{9} Hz$

**107.** कथन (A) : एक प्रकाश सुग्राही तल से उत्सर्जन तभी संभव होता है, जब आपतित प्रकाश की आवृत्ति देहली आवृत्ति से अधिक है

कारण (R) : जब $h\nu > W$, (प्रकाश सुग्राही तल का कार्य फलन, = W) प्रकाश इलेक्ट्रॉनों का उत्सर्जन संभव नहीं है [AIIMS 2000]

(a) कथन और कारण दोनों सही हैं, एवं कारण, कथन का सही स्पष्टीकरण है

(b) कथन और कारण दोनों सही हैं, परन्तु कारण कथन का सही स्पष्टीकरण नहीं है

(c) कथन सही है, परंतु कारण गलत है

(d) कथन और कारण दोनों गलत हैं

(e) कथन गलत है, परंतु कारण सही है

**108.** निम्न में से कौनसा प्रकाश धात्विक पृष्ठ पर आपतित होने पर फोटो इलेक्ट्रॉन उत्सर्जित होंगे [DCE 2000]

(a) पराबैंगनी विकिरण (b) अवरक्त विकिरण (c) रेडियो तरंगें (d) सूक्ष्म तरंगें

**109.** एक धात्विक सतह पर क्रमागत रूप से दो विकिरण जिनके फोटॉन की ऊर्जा क्रमशः धातु के कार्यफलन से दोगुना एवं पाँच गुना है, आपतित होती है। इन दो स्थितियों में उत्सर्जित फोटो इलेक्ट्रॉनों के अधिकतम वेगों का अनुपात होगा [KCET 2000]

(a) 1 : 4 (b) 1 : 3 (c) 1 : 1 (d) 1 : 2

**110.** सोडियम तथा ताँबे के कार्यफलन क्रमशः $2eV$ तथा $4eV$ हैं। 4000 Å तरंगदैर्ध्य के प्रकाश के साथ प्रकाश-विद्युत सेल के लिए कौन सी धातु उपयुक्त होगी

[RPET 1999]

(a) Na (b) Cu (c) दोनों (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**111.** एल्युमिनियम पृष्ठ से एक इलेक्ट्रॉन उत्सर्जन हेतु आवश्यक ऊर्जा 4.2 $eV$ है। यदि 2000 Å तरंगदैर्ध्य का प्रकाश पृष्ठ पर आपतित होता है, तो पृष्ठ से उत्सर्जित तीव्र इलेक्ट्रॉन का वेग होगा [AMU 1999]

(a) $2.5 \times 10^{7} m/s$ (b) $8.4 \times 10^{5} m/s$ (c) $6.7 \times 10^{6} m/s$ (d) $8.4 \times 10^{4} m/s$

**112.** यदि प्रकाश-विद्युत प्रभाव के प्रयोग में आपतित विकिरण के तरंगदैर्ध्य का मान 6000Å से घटाकार 4000Å कर दिया जाये तो [MP PMT 1999]

(a) निरोधी विभव का मान घट जायेगा (b) निरोधी विभव बढ़ जायेगा

(c) उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन की गतिज ऊर्जा बढ़ जायेगी (d) कार्य-फलन का मान घट जायेगा

**113.** एक धातु जिसका कार्यफलन $\phi$ है, के पृष्ठ पर तरंगदैर्ध्य λ के प्रकाश द्वारा उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन का अधिकतम वेग होगा। (जहाँ h = प्लांक नियतांक, m = इलेक्ट्रॉन का द्रव्यमान तथा c = प्रकाश का वेग है) [MP PET/PMT 1998]

(a) $\left[\frac{2(hc+\lambda\phi)}{m\lambda}\right]^{1/2}$ (b) $\frac{2(hc-\lambda\phi)}{m}$ (c) $\left[\frac{2(hc-\lambda\phi)}{m\lambda}\right]^{1/2}$ (d) $\left[\frac{2(h\lambda-\phi)}{m}\right]^{1/2}$

**114.** एक प्रकाश सुग्राही प्लेट पर जिसका कार्यफलन 1.9 eV है, 5000Å तरंगदैर्ध्य का प्रकाश आपतित होता है तो उत्सर्जित फोटो इलेक्ट्रॉन की गतिज ऊर्जा होगी

[CBSE 1998]

(a) 0.58 eV (b) 2.48 eV (c) 1.24 eV (d) 1.16 eV

**115.** यदि 100 W के लैम्प से विकिरत प्रकाश की माध्य तरंगदैर्ध्य 5000 Å है तो प्रति सैकण्ड विकिरित फोटॉनों की संख्या होगी [RPET 1997]

(a) $3\times10^{23}$ (b) $2.5\times10^{22}$ (c) $2.5\times10^{20}$ (d) $5\times10^{17}$

**116.** यदि फोटो सेल में निर्वात् के स्थान पर कोई अक्रियाशील गैस भर दी जाती है, तो [MP PMT 1997]

(a) प्रकाश-विद्युत धारा का मान घट जाता है

(b) प्रकाश-विद्युत धारा का मान बढ़ जाता है

(c) प्रकाश-विद्युत धारा वही रहती है

